Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to start flight services from Sabaiya Airport in Gopalganj Parliamentary Constituency, Bihar - laid

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): मैं माननीय नागर एवं विमानन मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज के हथुआ अनुमण्डल मुख्यालय स्थित बंद पड़े सबैया एयरपोर्ट से घरेलू उड़ान सेवा एक बार फिर से चालू करवाने के लिए आपसे आग्रह कर रहा हूं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की पहल पर उड़ान योजना के अन्तर्गत केन्द्र सरकार ने बिहार के 26 हवाई अड्डों को रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम "उड़ान' के तहत हवाई सेवाएं शुरू करने की सैद्धांतिक मंजूरी दी है। सेवा सहित व कम सेवा वाले 26 हवाई अड्डों की सूची में हथुआ के सबेया एयरपोर्ट का नाम भी शामिल है। बिहार सरकार से एनओसी मिलने के बाद भी हवाई अड्डे को चालू करवाने के लिए आपके मंत्रालय से इस सम्बन्ध में कोई कारवाई नहीं की गई है। सबैया एयरपोर्ट के चालू होने से हमारे संसदीय क्षेत्र एवं आस-पास के जिलों का विकास तीव्र गति से होगा तथा पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। गोपालगंज व सीवान जिले से ही सर्वाधिक संख्या में लोग खाड़ी देश जाते हैं। ऐसे में खाड़ी देश से आने या जाने वाले लोगों को घरेलू स्तर पर ही उड़ान सेवा का लाभ मिलेगा तथा उससे पड़ोसी जिला सीवान, छपरा, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण एवं देवरिया को भी सर्वाधिक लाभ होगा। हमारे जिले में विदेशी मुद्रा अर्जन भी देश के अन्य जिलों की तुलना में सर्वाधिक है एवं बिहार में प्रथम है।

अतः माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि सबैया हवाई अड्डा को पुनः चालू करवाने की कृपा करेंगे।

<u>14.08 hrs</u>

DIRECT TAX VIVAD SE VISHWAS BILL, 2020 …Contd.